रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 30] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 26, 1990/आश्विन 4, 1912
No. 30] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 26, 1990/ASVINA 4, 1912

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत गठित)

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1990

फाइल सं. 104/18(लेखा).—31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परिषद की दसवीं वार्षिक रिपोर्ट।

1. प्रस्तावना

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18(5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परिषद की 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष की दसवीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों के लेखा-परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज को लेखापरीक्षक की रिपोर्ट सहर्ष प्रकाशित करती है। उक्त वर्ष की समाप्ति से रिपोर्ट की तारीख तक हुई इंस्टीट्यूट की महत्वपूर्ण गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

2. नई पहलें

चालू वर्ष में मणिपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. और असम इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. द्वारा सहायक कम्पनियों की सचिवीय लेखापरीक्षा आरम्भ कर देने से कम्पनी सचिव अधिनियम की धारा 2(2) में कम्पनी सचिवों के लिए प्रेक्टिस के रूप में जिस सचिव लेखा परीक्षा की व्यवस्था की परिकल्पना की थी, वह अब निश्चित हो गई है। इंस्टीट्यूट एक लम्बे अरसे से कम्पनी सचिवों के राष्ट्रीय संस्थानों के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध दृढ़ करना चाहता था। दि इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज ऑफ पाकिस्तान के साथ व्यावसायिक सहयोग के विनिमय के बारे में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करके तथा एशियन पेसिफिक फोरम, जिसमें आस्ट्रेलिया, हांगकांग, भारत, मलेशिया, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान और सिंगापुर के प्रतिनिधि हैं, की बैठक में पहली बार भाग लेकर इंस्टीट्यूट के हाल के वर्षों में अपने कामकाज में वृद्धि और विकास में और महत्वपूर्ण आयाम जोड़ दिए हैं।

3. परिषद्

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

1 जनवरी, 1990 को परिषद् की बैठक में श्री श्यामल सेन ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। 1 जनवरी, 1990 से एक वर्ष के लिए श्री डी.बी. जैन को अध्यक्ष और श्री एन. जे.एन. वजीफेदार को उपाध्यक्ष चुना गया। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में श्री श्यामल सेन द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद ने उनकी सराहना की।

3.2 संरचना

केन्द्रीय सरकार ने एक सरकारी नामिती श्री वी. पी. विठल का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है और उनके स्थान पर दिल्ली के श्री डी.आर. मलिक को 1 जून, 1990 से नामित किया है। परिषद् के अन्य सभी सदस्य इस रिपोर्ट की तारीख तक अपने पद पर कार्य करते रहे हैं। परिषद् में सरकारी नामिती के रूप में श्री विठल द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद् उनकी सराहना करती है।

3.3 परिषदों आदि की बैठकें

परिषद् ने 1989-90 वर्ष में छः बैठकें रखीं।

3.4 परिषद् की समितियां आदि

अधिनियम की धारा 17 के प्रावधानों के अनुसार परिषद ने तीन स्थायी और पांच अन्य समितियां गठित की। इसके अलावा परिषद ने अपनी सहायता के लिए विभिन्न विशेषज्ञ ग्रुप और सलाहकार बोर्ड गठित किए। इनकी संरचना रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दी गई है।

4. क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

1 जनवरी, 1989 से तीन वर्ष के लिए जिन चार क्षेत्रीय परिषदों का गठन किया गया था, उन्होंने इस वर्ष अपनी गतिविधियां जारी रखीं। 1989-90 की उनकी वार्षिक रिपोर्ट से तैयार की गई वित्तीय स्थिति और उनकी गतिविधियों का सारांश परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है।

4.2 क्षेत्रीय परिषदों को अनुदान

क्षेत्रीय परिषदों द्वारा किए गए अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए और विद्यार्थी परामर्शी कार्यक्रमों, मौखिक शिक्षण कक्षाओं, माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सदस्यों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम तथा अन्य गतिविधियों में और अधिक सुधार लाने के लिए प्रोत्साहन देने के वास्ते यह तय किया गया कि कुल वार्षिक अनुदान की न्यूनतम राशि को 25,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए और अधिकतम राशि 80,000 रुपए से बढ़ाकर 1,25,000 रुपए कर दी जाए, जिसमें क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों को रखने और मुख्यालय के व्यय को पूरा करने की राशि भी शामिल है। परिषद् ने प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद् के कर्मचारियों की संख्या भी 6 से बढ़ाकर 10 कर दी है, जिसमें एक शिक्षा अधिकारी भी शामिल है, ताकि विद्यार्थियों संबंधी कुछ गतिविधियों को विकेन्द्रीकृत किया जा सके।

4.3 शाखाओं को अनुदान

परिषद् ने पिछले वर्ष की तरह से इस वर्ष शाखाओं को दिए जाने वाले अनुदान की न्यूनतम राशि को 1000 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए और अधिकतम राशि 20,000 रुपए से बढ़ा कर 40,000 रुपए कर दी है। इसके अलावा, 1 जनवरी 1989 से जिन शाखाओं के नियमित कार्यालय खोले हुए हैं, उनके कार्यालय अनुरक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 700 रुपए कर दी गई है। परिषद् ने बंगलौर और अहमदाबाद जैसी बड़ी शाखाओं के लिए अंशकालिक एकेडेमिक स्टाफ की स्वीकृति भी प्रदान की है।

4.4 शाखाएं

कम्पनी सचिव विनियम, 1982 के विनियम 143 के अनुसार चार क्षेत्रीय परिषदों के क्षेत्राधिकार के अधीन गठित 34 शाखाओं ने विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण तथा सदस्यों के व्यावसायिक विकास संबंधी स्थानीय गतिविधियां आयोजित कीं।

4.5 सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार का वितरण

8 फरवरी, 1990 को बम्बई में सेंटोर होटल में 18 राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस पी. एन. भगवती ने वर्ष 1988-89 के लिए निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार वितरित किए :—

(1) सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार जयपुर (उत्तर)

(2) सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा पुरस्कार

(क) पूर्वी क्षेत्र	रांची
(ख) उत्तरी क्षेत्र	जयपुर
(ग) दक्षिणी क्षेत्र	बंगलौर
(घ) पश्चिमी क्षेत्र	अहमदाबाद

5. सचिवालय

सचिवालय की कार्यकुशलता और प्रभावकारिता को और बेहतर बनाने के लिए इंस्टीट्यूट के सभी कार्यों की आंतरिक लेखापरीक्षा का काम लेखापरीक्षकों की एक फर्म को सौंप दिया है। वर्तमान कार्य पद्धति का मूल्यांकन करने, आंतरिक कम्प्यूटीकरण के क्षेत्रों का पता लगाने, अनावश्यक स्किलों का निपटान करने, स्टाफ-आवश्यकताओं का निर्धारण करने और संशोधित संगठनात्मक संरचना के लिए सुझाव देने के वास्ते एक सुविख्यात परामर्शी संगठन को काम सौंपा गया है। कुछेक क्षेत्रों में कम्प्यूटर एजेंसियों की सेवाएं भाड़े पर लेने के अलावा आंतरिक कम्प्यूटरीकरण के कार्य को आरम्भ करने के लए मुख्यालय में एक कम्प्यूटर लगाया गया है।

6. सदस्य

6.1 सदस्यता

इस वर्ष 588 व्यक्तियों को एसोसिएट सदस्य और 125 एसोसिएट सदस्यों को फैलो सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया। 31 मार्च, 1990 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 7257 सदस्य दर्ज थे, जिनमें 5657 एसोसिएट तथा 1600 फैलो सदस्य थे। 30 जून, 1990 को यह संख्या क्रमशः 7459, 5808 और 1651 थी। 31 मार्च, 1990 को विदेश में रहने वाले सदस्यों की संख्या 146 थी। समीक्षाधीन वर्ष में वार्षिक फीस की अदायगी न करने, मृत्यु अथवा त्यागपत्र देने के कारण 109 सदस्यों के नाम रजिस्टर में से काट दिए गए, जिनमें से 19 फैलो और 90 एसोसिएट सदस्य हैं। परिषद् को इस वर्ष 9 सदस्यों की मृत्यु की रिपोर्ट देते हुए दुख है।

6.2 प्रैक्टिस प्रमाण पत्र

इस वर्ष 122 सदस्यों को प्रैक्टिस के लिए प्रमाण-पत्र जारी किए गए। वर्ष के अन्त में 1225 सदस्यों के पास प्रैक्टिस प्रमाण पत्र थे, जबकि 30 जून, 1990 को यह संख्या 1236 थी। 89 सदस्यों के प्रमाण-पत्र वार्षिक फीस न देने, मृत्यु, प्रमाण पत्र वापस कर देने या अन्य कारणों से अयोग्य हो जाने के कारण रद्द कर दिए गए।

6.3 सदस्यों तथा प्रैक्टिस प्रमाणपत्रधारी सदस्यों में वृद्धि

सदस्यों में वृद्धि तथा प्रैक्टिस प्रमाण पत्रधारी सदस्यों के बारे में एक तालिका परिशिष्ट 'ग' में दी गई है।

6.4 सदस्यों की सूची

नियम 161 के साथ पठनीय कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण में अप्रैल 1990 को सदस्यों की एक सूची प्रकाशित कर दी गई है जो सदस्यों को उनके अनुरोध पर सप्लाई की जाएगी।

7. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने सदस्यों के लिए तथा सार्वजनिक उद्यमों में मध्य और उच्च स्तर पर कार्य कर रहे एक्जीक्यूटिवों के लाभ के लिए छः व्यावसायिक विकास कार्यक्रम और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रम की एक सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घ' में दी गई है। लघु उद्योगों में प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिवों की उपयोगिता और उनकी लाभकारिता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सहयोगी सचिवीय नैदानिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। व्यापार और उद्योगों के प्रयोग के लिए कम्पनी मीटिंग रेखांकित की एक फिल्म निर्माणाधीन है।

8. प्रकाशन

8.1 चार्टर्ड सैक्रेटरी

यह जर्नल पिछले 20 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है और अपनी क्वालिटी और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं, कानूनी निर्णयों तथा सम्बन्धित अनुच्छेदों के बारे में तुरन्त सूचना देकर इसने अपनी प्रतिष्ठा लगातार बनाए रखी है, यह जर्नल सदस्यों और कम्पनी एक्जीक्यूटिवों के बीच प्रभावकारी संचार का माध्यम रहा है और इससे सदस्यों को व्यावसायिक ज्ञान की अद्यतन जानकारी दी है। अप्रैल 1989 में इस वर्ष बजट पर एक विशेषांक प्रकाशित किया गया।

8.2 मार्गदर्शी नोट्स

प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव अपने व्यवसाय में उच्च स्तर बना सकें और प्रैक्टिस के मान्य क्षेत्रों में अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों को कुशलतापूर्वक निभा सकें, इस बात को ध्यान में रखते हुए इस रिपोर्ट की तारीख तक निम्नलिखित मार्गदर्शी नोट्स प्रकाशित हो चुके हैं:

(क) कोड ऑफ कंडक्ट फॉर कम्पनी सैक्रेटरीज़

(ख) कम्पाइलेशन ऑफ सर्च/स्टेट्स रिपोर्टस एंड सर्टिफिकेट्स टू फिनानशियल इस्टीटयूशनस

(ग) वेल्यूएशन अंडर दि वैल्थ टैक्स एक्ट, 1957

(घ) सर्टिफिकेशन्स अंडर इम्पोर्ट्स एंड एक्सपोर्ट्स (कंट्रोल) एक्ट, 1947

8.3 कम्पनी सैक्रेटरी प्रैक्टिस मैनुअल

परिषद् द्वारा गठित स्थायी सलाहकार ग्रुप खुले पत्रों में एक कम्पनी सैक्रेटरीज़ तैयार कर रही है जो कम्पनी लॉ और उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम के सम्बन्धित प्रावधानों, पूंजी निर्गमन (नियंत्रण) अधिनियम, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, आयकर अधिनियम तथा एम. आर. टी. पी. एक्ट विभिन्न पहलुओं पर एक प्रामाणिक संदर्भ मैनुअल का काम करेगी। मैनुअल में मूल विधि और प्रैक्टिस नोट्स दोनों ही शामिल किए जाएंगे। मैनुअल का काम चल रहा है और इसका प्रथम भाग दिसम्बर 1990 तक प्रकाशित होने की आशा है।

8.4 सैक्रेटेरियल स्टेण्डर्डस्

स्टाक एक्सचेंज सुधारों पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति और बंसल समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट प्रतिभूतियों के अंतरण और पारगमन के विचार से चार्टर्ड सैक्रेटरी का सितम्बर 1990 का अंक में कम्पनियों के सचिवीय और शेयर विभागों की कार्यकुशलता को बढ़ाने सैक्रेटेरियल स्टेण्डर्ड-1 प्रकाशित कर रहा है।

8.5 निवेशकर्ताओं के लिए मार्गदर्शी माला

साधारण निवेशकर्ताओं के लाभ के लिए शेयर अंतरण के बारे में विधि तथा प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए एक छोटी-सी पुस्तिका स्टाक एक्सचेंजों के माध्यम से परिचालित की जा रही है, जिसमें सभी संबद्ध फार्म और आवेदन पत्र

दिए होंगे। इसी प्रकार एक और पुस्तिका 'राइट्स ऑफ फिक्सड डिपाजिट होल्डर्स' भी तैयार की जा रही है।

8.6 अन्य प्रकाशन

मुद्रणाधीन अन्य पुस्तकें इस प्रकार हैं:

(क) कम्पनी लॉ फार लेमैन

(ख) रिसर्च स्टडीज आन एनुअल रिपोर्टस् ऑफ कम्पनीज्

9. अनुसंधान

9.1 अनुसंधान अध्ययन

इंस्टीट्यूट ने—

(क) 'प्राइवेट लिमिटेड कम्पनीज—डूज एंड डोंट्स' विषय पर एक अनुसंधान पुस्तक प्रकाशित की है।

(ख) 'डिस्क्लोजर ऑफ कारपोरेट डेटा इन एनुअल रिपोर्ट्स' विषय पर एक अध्ययन पूरा कर लिया है।

9.2 अनुसंधान सलाहकार ग्रुप

1 जनवरी, 1990 से इंस्टीट्यूट की मूल अनुसंधान गतिविधियों को और दृढ़ करने के लिए इंस्टीट्यूट ने कम्पनी लॉ बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य श्री आर. एन. बंसल की अध्यक्षता में एक सलाहकार ग्रुप गठित किया है। तब से कुछ अनुसंधान योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनमें एक योजना 'सेक्रेटरीज पार्टीसिपेशन इन दि बोर्ड' पर है।

9.3 विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

परिषद् ने कम्पनी लॉ प्रैक्टिस और सचिवीय प्रैक्टिस की जटिल समस्याओं पर सदस्यों को विशेषज्ञ की सलाह प्रदान करने के लिए भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस पी. एन. भगवती की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप का गठन किया है और 'चार्टर्ड सैक्रेटरी' के जून 1990 के अंक में सदस्यों से पूछताछ करने की प्रक्रिया प्रकाशित की गई है।

10. रोजगार अवसर

इंस्टीट्यूट चैम्बर्स ऑफ कामर्स, ब्यूरो ऑफ पब्लिक एण्टरप्राइजेज और अन्य संस्थाओं के माध्यम से अपने सदस्यों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका का प्रचार करने का अपना प्रयास जारी रखे है। इंस्टीट्यूट ने उन विदेशी सरकारों को भी लिखा है, जिन्होंने अपने कम्पनीज एक्ट में अर्हताप्राप्त कम्पनी सेक्रेटरी की नियुक्ति अनिवार्य कर दी है; इन सरकारों से कहा गया है कि वे इंस्टीट्यूट की सदस्यता को भी कम्पनी सेक्रेटरी के रूप में नियुक्ति की मान्य अर्हताओं में से एक अर्हता स्वीकार कर लें। वित्त/लेखा पदों पर भर्ती के लिए कम्पनी सचिवीयता की अर्हता को शामिल करने के बारे में राज्य सरकारों और सरकारी कम्पनियों को भेजे गए ज्ञापनपत्रों के आधार पर कर्नाटक सरकार ने महाप्रबन्धक और उप महाप्रबन्धक के पदों पर तरक्की देने के लिए कम्पनी सचिवीयता की अर्हता को मान्यता प्रदान कर दी है। इंस्टीट्यूट बैंकिंग विभाग और नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक के साथ भी लगातार प्रयास कर रहा है कि वे अपने विभागों में उन लोगों को प्रोत्साहन और मान्यता प्रदान करें, जो इंस्टीट्यूट की परीक्षाएं पास कर लेते हैं। इंस्टीट्यूट और इसकी क्षेत्रीय परिषदें तथा शाखाएं रोजगार सेवा योजना के अन्तर्गत कम्पनियों को रोजगार सेवाएं प्रदान करने का काम जारी रखे है। वर्ष के दौरान रोजगार सेवा योजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट के मुख्यालय में रोजगार के लिए बनाई गई उपयुक्त सदस्यों की सूचियां को 122 कम्पनियों के पास भेजा गया और इन कम्पनियों से यह भी अनुरोध किया कि इन सूचियों में से जिन उम्मीदवारों को वे चुनें, उनके ब्यौरे इंस्टीट्यूट को दें अथवा और विस्तृत पैनल प्राप्त करने के लिए वे 'चार्टर्ड सैक्रेटरी' में विज्ञापन दें।

11. व्यवसाय की मान्यता

11.1 प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव और रोजगार

वर्ष के दौरान और अगस्त 1990 तक प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों के लिए निम्नलिखित मान्यताएं प्राप्त हुईं:

(क) आयात तथा निर्यात नीति 1988-91 के अधीन ओ जी एल के अन्तर्गत पुस्तकों के आयात के लिए प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं द्वारा पुस्तकों की कुल वार्षिक बिक्री के बारे में प्रमाणीकरण।

(ख) भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक के लिए 'खोज रिपोर्टों' को जारी करना।

(ग) कम्पनी विनियमावली, 1956 के विनियम 4 के अधीन धारा 25 के बारे में आवश्यक घोषणा करना।

(घ) (i) मणिपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. (मानिडको), इम्फाल; और

(ii) असम इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि., द्वारा प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों से सहायक कम्पनियों की वार्षिक सचिवीय लेखा-परीक्षा का आरम्भ होना।

(ङ) कम्पनियों को ऋण की मंजूरी और संवितरण तथा खोज रिपोर्टों के बारे में प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों द्वारा 'मानिडको' के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र जारी करना।

(च) पूंजी निर्गमन नियंत्रक ने फैसला किया है कि पूंजी निर्गम के आवेदन पत्रों के साथ कम्पनी सचिव का प्रमाणपत्र साथ लगा होना चाहिए, जिसमें वह पुष्टि करे कि पिछले निर्गम से संबंधित सभी वापसी आदेश आवेदकों को भेज दिए हैं और आबंटितियों को सभी डिबेंचर प्रमाणपत्र प्रेषित होकर दिए हैं तथा ये प्रत्यक्ष स्टाक एक्सचेंजों की सूची में दर्ज हो गए हैं।

(ङ) इंस्टीट्यूट—

(i) विभिन्न राज्य/अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से सचिवीय लेखापरीक्षा को मान्यता देने के लिए जोरदार प्रयास कर रहा है ।

(ii) इंस्टीट्यूट ने विभिन्न राज्य सरकारों को अभ्यावेदन भेजे हैं कि वे अपने-अपने राज्य के भागीदारी नियमों में संशोधन करते हुए प्रावधान करें कि भागीदारी फर्मों के पंजीकरण के लिए आवेदन फार्म में कम्पनी सचिव को साक्षी रूप में हस्ताक्षर करना आवश्यक है ।

(iii) इंस्टीट्यूट ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केन्द्रीय उत्पाद तथा सीमा शुल्क बोर्ड को अभ्यावेदन भेजा है कि वे अपने बोर्डों में इंस्टीट्यूट को नामित करें ।

11.2 प्राप्त मान्यताओं की सूची

इस रिपोर्ट की तारीख तक प्रैक्टिस तथा रोजगार के सम्बन्ध में कम्पनी सचिवों के लिए जो मान्यताएं प्राप्त हुई हैं, उनका ब्यौरा परिशिष्ट 'ङ' के भाग-I और II में दिया गया है ।

11.3 इस वर्ष के दौरान पी-एच.डी. के अध्ययन के लिए कुछ और विश्वविद्यालयों ने इंस्टीट्यूट की सदस्यता को स्नातकोत्तर डिग्री के बराबर मान्यता प्रदान कर दी है । अब तक प्राप्त कुल मान्यताएं इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ङ' के भाग III में दी गई हैं ।

12. अठारहवां राष्ट्रीय सम्मेलन

'90 के दशक में 'व्यवसाय-उभरते आयाम' विषय पर कम्पनी सचिवों का अठारहवां राष्ट्रीय सम्मेलन मेलोर होटल, बम्बई में 8 से 10 फरवरी, 1990 तक आयोजित किया गया । देश के विभिन्न भागों से लगभग 750 प्रतिनिधियों ने भाग लिया । सम्मेलन का उद्घाटन भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस पी. एन. भगवती ने किया । श्री वी. एम. गोटे, उद्योगपति तथा समाजसेवी ने मुख्य भाषण दिया । तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता और भाषण देने वाले विख्यात विद्वानों में सर्वश्री ए.डी. धाहनीकर, प्रबन्ध निदेशक, तिलक नगर डिस्टीलरीज लि., बम्बई जे. एन. वार्ष्णेय, भूतपूर्व अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक और कमल मोराखा, अध्यक्ष, आल इण्डिया मैनुफैक्चरर्स मैनआर्गनाइजेशन्स, बम्बई शामिल थे ।

13. दस वर्षीय संदर्शी योजना

परिषद् द्वारा गठित सदर्शी योजना ग्रुप ने योजना तैयार करने से पूर्व 'खोत' का विश्लेषण पूरा कर लिया है। अब यह योजना इंस्टीट्यूट में कार्यात्मक विभागों के साथ परामर्श करके तैयार की जा रही है । आशा है, ग्रुप अगले दशक के लिए रूपरेखा तैयार कर लेगा और 1991 के आगे इसे कार्यान्वित करने के लिए 1990 के अंत तक इस योजना के अंत तक इस योजना का दस्तावेज परिषद् को प्रस्तुत कर देगा ।

14. सदस्यता-उपरांत अर्हता पाठ्यक्रम

कतिपय विधाओं में सदस्यों में एक उच्च स्तर की विशेषज्ञता के विकास के लिए परिषद् ने सदस्यता-उपरांत पाठ्यक्रम तैयार किया, जिसमें चार विधाओं अर्थात् कर प्रबंध, औद्योगिक और कार्मिक प्रबंध, निगम विधि प्रबंध और आंतरिक लेखापरीक्षा और प्रबंध नियंत्रण को शामिल किया गया । इस पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के विनियमों का प्रारूप इस वर्ष के अंत तक विनियमावली में समाविष्ट करने के लिए जल्दी ही प्रकाशित किया जाएगा और इसके तुरन्त बाद परिषद् इसे क्रियान्वित करेगी ।

15. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

15.1 पाकिस्तान इंस्टीट्यूट के साथ समझौता ज्ञापन

जुलाई 1990 में इंस्टीट्यूट तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज ऑफ पाकिस्तान के बीच स्थायी आधार पर व्यावसायिक सूचना और प्रकाशनों के विनिमय के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और तदनुसार कुछ प्रकाशनों का आदान-प्रदान हुआ ।

15.2 एशियन पेसिफिक फोरम

इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष श्री डी. सी. जैन तथा सचिव एवं कार्यकारी निदेशक श्री टी. पी. सुब्रामनन ने 17 से 19 अगस्त, 1990 तक सिंगापुर में एशियन पेसिफिक फोरम ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज की बैठक में भाग लिया, जिसमें आस्ट्रेलिया, हांगकांग, भारत, मलेशिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और सिंगापुर के राष्ट्रीय संस्थानों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिन विषयों पर विचार विमर्श किया गया, उनमें राष्ट्रीय विकास पर सूचना का आपसी आदान-प्रदान, प्रकाशनों, शेयर रजिस्टर को सुलभ कराना, व्यावसायिक नैतिकता और आचार संहिता, निगम विधि में सचिव की मान्यता, परिसंघवाद और अंतरंग व्यापार के विषय शामिल थे । बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थायी आधार पर इंटरनेशनल फोरम बनाया जाए और बैठक में भाग लेने वालों ने भारतीय इंस्टीट्यूट की उपलब्धियों की सराहना की । अध्यक्ष और सचिव क्वालालम्पुर और सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त तथा सिंगापुर इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स के कार्यालयों में गए और उनसे इन देशों में भारतीय प्रवासियों में इंस्टीट्यूट को लोकप्रिय बनाने तथा यथासमय सिंगापुर में परीक्षा केन्द्र खोलने के लिए उनकी सहायता और सहयोग का अनुरोध किया ।

15.3 भारत में विदेशी आगन्तुक

मार्च 1990 में व्यवसाय के विकास वृद्धि के मामले में पारस्परिक विचार विनिमय के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट

सेक्रेटरीज ऑफ पाकिस्तान के उपाध्यक्ष श्री कैसर मुफ्ती ने इंस्टीट्यूट के मुख्यालय का दौरा किया । जून 1990 में इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट मैनेजर्स, सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स लि., आस्ट्रेलिया के चीफ एक्जीक्यूटिव श्री मार्क पिनचेन इंस्टीट्यूट के मुख्यालय में आए और दोनों देशों में व्यवसाय की वृद्धि, विकास और मान्यता पर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, सचिव तथा कार्यकारी निदेशक तथा विभागीय अध्यक्षों से बातचीत की ।

16. विद्यार्थी सेवाएं

16.1 विद्यार्थियों का पंजीकरण

रिपोर्टाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा 12,124 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए जब कि पिछले वर्ष 10,384 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था; इस प्रकार इस वर्ष 16.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इस वर्ष के अन्त में वर्तमान पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 52,235 है। पंजीकृत विद्यार्थियों की वृद्धि तथा जिन्होंने इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उनके बारे में एक विवरण परिशिष्ट 'च' में दिया गया है ।

16.2 पुराने पाठ्यविवरण के अधीन फाइनल परीक्षा के लिए अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना

'कराधान' से सम्बन्धित अध्ययन सामग्री और 'कराधान', 'आर्थिक विधानांग' तथा 'सचिवीय प्रैक्टिस' (अन्य विधियों से संबंधित) पर परीक्षण पत्र और उनके सुझाए गए उत्तरों को इस वर्ष संशोधित किया गया । अध्ययन सामग्री को अद्यतन करने के विचार से कम्पनी लॉ तथा फंक्शनल मैनेजमेंट विषयों पर इस वर्ष पूरक सामग्री प्रकाशित की गई ।

16.3 नए पाठ्यविवरण के अधीन अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना

इस वर्ष सभी विषयों की अध्ययन सामग्री को संशोधित किया गया । दो पूरक पत्र, एक 'वित्तीय प्रबन्ध' पर और दूसरा 'अप्रत्यक्ष कराधान-विधि और प्रक्रिया' प्रकाशित किए गए । सभी विषयों के परीक्षण पत्रों को परिवर्तित कर दिया गया और उनके सुझाए गए उत्तर प्रकाशित किए गए । विद्यार्थियों से अध्ययन सामग्री के और अधिक सुधार के लिए उनसे उत्तर की प्रतिपुष्टि प्राप्त करने के दृष्टिकोण से 'प्रतिपुष्टि प्रोफार्मा' तैयार किया गया और अक्तूबर 1989 के बाद पंजीकृत सभी विद्यार्थियों को इसे भेजा गया ।

16.4 हिन्दी में अध्ययन सामग्री

हिंदी में चरणबद्ध तरीके से अध्ययन सामग्री प्रकाशित करने के लिए पहला कदम उठाया गया कि ऐसे विषयों पर, जिनमें पर्याप्त हिंदी पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, उन पर काम करने के लिए इण्टरमीडिएट ग्रुप-II के लिए 'कम्पनी लॉ एंड प्रैक्टिस' की अध्ययन सामग्री के अनुवाद का काम शुरू कर दिया गया है ।

16.5 मार्गदर्शी उत्तर तथा विषय-क्रम में प्रश्नों की तैयारी

विद्यार्थियों के लाभ के लिए पुराने तथा नए दोनों पाठ्यविवरणों की जून तथा दिसम्बर 1989 और जून 1990 परीक्षाओं के मार्गदर्शी उत्तर पुनः-क्रम में प्रकाशित किए गए हैं । नए पाठ्यविवरण के अधीन होने वाली इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के सभी विषयों पर विषय-क्रम में प्रश्न तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है ।

16.6 शिक्षण

इस वर्ष 1,04,954 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई उनका मूल्यांकन किया गया और विद्यार्थियों को भेजी गईं तथा कुल 11,715 शिक्षण समापन प्रमाणपत्र जारी किए गए ।

16.7 मौखिक शिक्षण केन्द्रों की स्थापना

इस वर्ष थिरूवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) शाखा में पहली बार एक मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया तथा उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने दक्षिणी दिल्ली में एक अतिरिक्त केन्द्र शुरू किया ।

16.8 स्टुडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लाभ के लिए स्टुडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित करता है । इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम विधि सम्बंधी संशोधनों की जानकारी देते हुए उनके अध्ययन को अद्यतन बनाना और विद्यार्थी सेवाओं की प्रशासन तथा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण आवश्यकताओं के सम्बन्ध में सूचना प्रदान करना है ।

16.9 आडियो टेपों पर लेक्चर

निम्नलिखित विषयों पर दो आडियो टेप तैयार किए गए और रियायती दर पर विद्यार्थियों तथा सदस्यों को उपलब्ध कराए गए:

(i) उद्योग विकास तथा नियमन अधिनियम

(ii) एम.आर.टी.पी. अधिनियम के अन्तर्गत अवरोधक व्यापार व्यवहार

अतिरिक्त सुविधा के रूप में अवरोधक व्यापार व्यवहार के आडियो लेक्चर के प्रतिलेखन की एक पुस्तिका भी प्रकाशित की गई, जिसमें केसों और सम्बद्ध कानूनी प्रावधानों का उद्धृत किया गया है। विद्यार्थियों तथा सदस्यों से इन टेपों के सम्बंध में प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक है। इसलिए चालू वर्ष में अनुचित और एकाधिकारात्मक व्यापार व्यवहार, केन्द्रीय उत्पाद तथा विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कुछ और आडियो टेपों को तैयार करने का प्रस्ताव है ।

16.10 डाक द्वारा शिक्षण का विकेन्द्रीकरण

इस वर्ष दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद् को इस बारे में प्राधिकार देकर विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है कि वह स्थानीय

रूप से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करे, उनके मूल्यांकन की व्यवस्था करे और इसके बाद मुख्यालय को शिक्षण समापन प्रमाणपत्र जारी करने के बारे में सिफारिश करे। चालू वर्ष में अन्य तीन क्षेत्रीय कार्यालयों में कम-से-कम इण्टरमिडियट उत्तर-पुस्तिकाओं के लिए इस प्रक्रिया को जारी रखने का प्रस्ताव है।

16.11 पुस्तकालय सुविधाएं

समीक्षाधीन वर्ष में 2.74 लाख रुपए की पुस्तकें इंस्टीट्यूट के पुस्तकालय के लिए खरीदी गई। शाखा पुस्तकालय सहायता योजना के अन्तर्गत 34 शाखाओं में से 27 शाखाओं के पास अपने पुस्तकालय हैं। इंस्टीट्यूट ने ऐसे क्षेत्र में जहां कोई शाखा नहीं है, परन्तु उस क्षेत्र में कम-से-कम सौ विद्यार्थी तथा दस सदस्य हैं, वहां एक 'अनुषंगी पुस्तकालय' स्थापित करने को प्रोत्साहन दिया है। एक ऐसा पुस्तकालय प्रायोगिक आधार पर दिल्ली के निकट गुड़गांव (हरियाणा) में खोला गया है। प्रत्येक ऐसे पंजीकृत विद्यार्थी को जिसे शाखा अनुषंगी पुस्तकालय की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती उन्हें पुस्तकालय की सुविधाएं देने के लिए इंस्टीट्यूट ने एक नवीन चालू की गई डाक पुस्तकालय योजना के लिए अतिरिक्त एक लाख रुपए की राशि अलग से निर्धारित की है। इस योजना के अनुसार प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय से आशा की जाती है कि वह अपने क्षेत्र से एक डाक पुस्तकालय बनाए।

17. मुख्यालय का पुस्तकालय

इंस्टीट्यूट ने अपने मुख्यालय में भी अनुसंधान और संदर्भ प्रयोजनों के लिए एक पुस्तकालय बनाया है, जिसमें विदेशी कम्पनी लॉ और केस लॉ की पुस्तकें भी हैं। आस्ट्रेलिया की एक प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था सी सी एच ने पिछले वर्ष इंस्टीट्यूट को केस लॉ पुस्तकों का एक सेट निःशुल्क प्रदान करने की स्वीकृति दी है। तदनुसार इंस्टीट्यूट को आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, ब्रिटेन और अमरीका से सम्बन्धित बहुत-सी पुस्तकें उनसे निःशुल्क प्राप्त हुई हैं। जुलाई 1990 में इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज ऑफ पाकिस्तान से हमें 1926 से 1988 तक की पाकिस्तान संहिताओं का एक सेट मिला है। अनुसंधान और संदर्भ के लिए पुस्तकालय में निगम विधियों वित्त और लेखांकन से सम्बन्धित पेपर क्लिपिंगों की तीस से अधिक फाइलें हैं। चालू वर्ष में मामूली-सी अदायगी करके कुछ सामग्री को उपलब्ध कराने, विभिन्न निर्णयों और अधिसूचनाओं की प्रतियां उपलब्ध कराने की प्रलेखबद्ध सेवा भी शुरू करने की सम्भावना है।

18. कैरियर परामर्श कार्यक्रम

इस वर्ष इंस्टीट्यूट ने प्रदर्शनी सामग्री, चार्टों, पोस्टरों और ट्रांसपेरेंसियों का प्रयोग करते हुए शाखा तथा क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के माध्यम से अनेक कैरियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए ताकि कालेज के विद्यार्थियों में इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता पैदा की जा सके। कई भारतीय और अंग्रेजी भाषाओं के समाचार पत्रों में व्यवसाय के बारे में लेख प्रकाशित हुए तथा इस बारे में दूरदर्शन ने अपने राष्ट्रीय नेटवर्क पर दो कार्यक्रम प्रसारित किए। इन सभी प्रयासों के फलस्वरूप देश के कई भागों में छोटे शहरों और कस्बों तक में भी कम्पनी सचिव व्यवसाय के बारे में और अधिक जागरूकता पैदा की जा सकी है, जिससे इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए पहले से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण हो सका है।

19. परीक्षाएं

19.1 परीक्षाओं का आयोजन

इंस्टीट्यूट ने जून और दिसम्बर, 1989 में सम्पूर्ण भारत में क्रमशः 37 और 39 केन्द्रों में तथा एक केन्द्र आबूदाबी में दो परीक्षाएं आयोजित कीं। दिसम्बर 1989 के सत्र में मंगलौर और पाण्डिचेरी में प्रायोगिक आधार पर दो नए परीक्षा केन्द्र खोले गए और जून 1990 में इलाहाबाद तथा भोपाल में दो और केन्द्र जोड़े गए।

19.2 पुराने पाठ्यविवरण के अधीन परीक्षाओं की समाप्ति

पुराने पाठ्यक्रम के अधीन जून 1989 में आखिरी बार इण्टरमीडिएट परीक्षा रखी गई। पुराने पाठ्य विवरण के अधीन इण्टरमीडिएट परीक्षा आखिरी बार दिसम्बर 1990 में रखी जाएगी।

19.3 परीक्षाओं में हिन्दी माध्यम

कम्पनी सचिव परीक्षाओं में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की नीति की परिषद् की कटिबद्धता के अनुसरण में इंस्टीट्यूट ने अपने सभी परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी के उपयोग को वैकल्पिक माध्यम के रूप में सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है।

19.4 आंकड़े

जून 1989 और दिसम्बर 1989 की परीक्षाओं में कितने परीक्षार्थी बैठे और उत्तीर्ण हुए, उनसे सम्बन्धित आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'छ' में दिए गए हैं।

20. अखिल भारतीय पुरस्कार

जून 1989 और दिसम्बर 1989 में हुई फाइनल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट स्वर्ण मैडल पश्चिमी क्षेत्र के श्री जगीन रूस्तम कागंजिया और उत्तरी क्षेत्र के सुभाष चन्द्र गर्ग ने जीते। पं. नेहरू जन्म शताब्दी का वार्षिक पुरस्कार संयुक्त रूप से बम्बई के श्री टी. एस. रामकुमार और मुजफ्फरपुर (उत्तर प्रदेश) के श्री विवेक गोयल ने प्राप्त किए। जून 1989 तथा दिसम्बर 1989 में हुई इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में प्रतिभाशाली प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट रजत मैडल क्रमशः पूर्वी क्षेत्र के श्री कमलेश कुमार मोंगाली और उत्तरी क्षेत्र के राजू अरोड़ा ने जीते। ये पुरस्कार 8 फरवरी, 1990 को बम्बई में आयोजित कम्पनी सचिवों के 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन में उन पुरस्कार विजेताओं को दिए गए जो व्यक्तिगत रूप से वहां उपस्थित हुए।

21. विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता

वर्तमान योग्यता (मेरिट) छात्रवृत्ति योजना के अनुसार जून 1989 तथा दिसम्बर 1989 की परीक्षाओं में योग्य पाए गए प्रथम दस विद्यार्थियों को मनाहनीय रूप से परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के लिए छात्रवृत्तियां दी गई। इसी प्रकार योग्यता-व-वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट ने क्रमशः दिसम्बर 1988 तथा जून 1989 की परीक्षाओं में योग्य पाए गए 2 और 3 परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की।

22. योग्यता प्रमाण पत्र

पिछले वर्षों की तरह प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की योग्यता को मान्यता प्रदान करने और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए जून 1989 तथा दिसम्बर 1989 में हुए इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं में प्रथम दस रैंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

23. प्रबन्ध/प्रैक्टिकल/प्रशिक्षु प्रशिक्षण

23.1 सूची बनाना

समीक्षाधीन वर्ष में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मान्यता-प्राप्त कम्पनियों की संख्या इस प्रकार थी :—

क्षेत्र	प्रबन्ध प्रशिक्षण	प्रैक्टिकल प्रशिक्षण
1	2	3
पूर्व	13	11
उत्तर	41	30
दक्षिण	15	22
पश्चिम	13	25
कुल	82	88

पूर्णकालिक प्रैक्टिस कर रहे 19 कम्पनी सचिवों को भी प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दर्ज की गई कम्पनियों और कम्पनी सचिवों की कुल संख्या तथा विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रायोजित विद्यार्थियों की संख्या इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ज' में दी गई है। वर्ष के दौरान (मुख्यालय तथा क्षेत्रीय परिषदों दोनों ने ही) प्रबन्ध/प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कम्पनियों की संख्या को बढ़ाने के अपने प्रयास जारी रखे।

23.2 प्रबन्ध/प्रैक्टिकल प्रशिक्षण को मानीटर करना

देश के सभी भागों से ऐसे सदस्यों की एक सूची विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को मानीटर करने के लिए प्रायोगिक आधार पर तैयार की गई है, जो विद्यार्थियों के गाइड बनने को सहमत हो गई हैं। योजना के अधीन प्रशिक्षार्थी को गाइड के साथ नियमित समय पर अपने प्रशिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बातचीत करने और मिल कर उसमें व्यावसायिक मामलों पर मार्गनिर्देशन प्राप्त करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त किए गए शिक्षा अधिकारियों से आशा की जाती है कि वे अपने क्षेत्र में प्रशिक्षण व्यवस्था को मानीटर करें।

23.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान 18 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से चार-चार पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् और उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् द्वारा और तीन-तीन दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद् तथा पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् द्वारा आयोजित किए गए; अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद और जयपुर शाखाओं ने एक-एक कार्यक्रम आयोजित किया। 31 मार्च 1990 तक इन कार्यक्रमों में 722 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और प्रभावकारी व कुशल बनाने के लिए तथा कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को इनमें और अधिक सक्रिय करने के लिए प्रशिक्षण तकनीकों में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है और इनके अलावा दृश्य/श्रव्य-दृश्य साधनों का भी गहन प्रयोग किया जा रहा है। प्रशिक्षण तकनीकों में केस अध्ययन, अनुकरण अभ्यास, रोल प्ले, समूह चर्चा, पहले से अधिक बोर्ड की बैठकें, स्टॉक एक्सचेंजों, कम्प्यूटर केन्द्रों, कम्पनियों के सचिवीय विभागों के दौरे करना शामिल है।

24. लेखे और लेखा परीक्षा

24.1 आय और व्यय लेखा

इस वर्ष के आय और व्यय लेखे के वित्तीय परिणाम देखने से पता चलता है कि इस वर्ष 6,83,315 रुपए का अधिशेष रहा जबकि पिछले वर्ष यह अधिशेष 13,41,672 रुपए था। अधिशेष में कमी आने का मुख्य कारण सेवाओं, सामान और स्थापना पर होने वाले व्यय में बढ़ोत्तरी है। सदस्यों और विद्यार्थियों को दी जा रही सेवा की क्वालिटी में किसी प्रकार की कमी लाए बिना व्यय में किफायत करके अगले वर्ष घाटे से बचने का प्रयास किया जा रहा है; कैरियर परामर्शी कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों के पंजीकरण को बढ़ाने और विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस की कुछ मदों में 1 जुलाई 1990 से कुछ बढ़ोत्तरी करके आय को बढ़ाने के उपाय भी किए जा रहे हैं।

24.2 शुल्क का पूंजीकरण

वर्तमान प्रचलित पद्धति के अनुसार एसोसिएट और फैलो सदस्यों से प्राप्त 2,01,400 रुपए के प्रवेश शुल्क को पूंजीकृत कर दिया है। वर्ष के अन्त में पूंजीकृत रिजर्व राशि 22,38,425 रुपए थी, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 20,37,025 रुपए थी।

24.3 भवन रिजर्व

भवन निर्माण के लिए सावधि जमाराशि पर अर्जित ब्याज के कारण 2,39,910 रुपए तथा भवन निधि के लिए प्राप्त 75,000 रुपए की राशि को सीधे भवन रिजर्व निधि में विनियोजित कर दिया है। कानपुर शाखा के भवन के निर्माण और जयपुर शाखा के लिए भूमि के लिए 4,57,935 रुपए की आंशिक लागत की पूंजीगत अदायगी को भवन रिजर्व से सामान्य रिजर्व खाते में अन्तरित कर दिया है। पिछले वर्ष के कुल 24,96,332 रुपए की तुलना में भवन रिजर्व की कुल राशि 23,53,307 रुपए है।

24.4 सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष जो सामान्य रिजर्व की कुल राशि 1,56,36,204 रुपए थी, यह राशि अब बढ़ कर 1,80,28,806 रुपए हो गई है; इसमें वर्ष 1989-90 की व्यय से अधिक आय की 6,83,315 रुपए की अधिशेष राशि और भवन रिजर्व से अन्तरित 13,47,819 रुपए की राशि तथा मुख्यालय के भवन के लिए सम्पत्ति कर के लिए पिछले वर्षों में अधिक प्रावधान की पुनः आवंटित 3,61,468 रुपए की राशि जोड़ दी गई है।

24.5 लेखापरीक्षणक

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में परिषद् ने मैसर्स डी.के. सेन गुप्ता एंड कं., चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स नई दिल्ली को 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के लेखों की लेखा-परीक्षा के लिए पुनः लेखा-परीक्षक नियुक्त किया है।

25. भूमि और भवन

25.1 उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् का भवन

प्रसाद नगर इंस्टीट्यूशनल एरिया, करौल बाग, नई दिल्ली में भवन निर्माण का कार्य अब शुरू हो चुका है और 31 मार्च, 1990 तक प्रारम्भिक व्यय के रूप में कुल 2,20,563 रुपए व्यय हो चुके हैं।

25.2 कानपुर शाखा का कार्यालय स्थल

कानपुर शाखा के कार्यालय के लिए 9,50,000 रुपए की राशि से (इसमें रजिस्ट्रेशन प्रभार शामिल नहीं है) स्थल खरीदा जा चुका है। इसमें 118/90 कौशलपुरी, कानपुर में "गुमती प्लाजा" भवन की दूसरी मंजिल पर 2036.85 वर्गफुट का निर्माण स्थल है।

25.3 जयपुर शाखा के लिए भूमि

जयपुर शाखा के कार्यालय के निर्माण के लिए 1579.35 वर्ग मीटर का एक प्लाट ए-5ए, इंस्टीट्यूशनल एरिया झालना डूंगरी, जयपुर में खरीद लिया गया है, जिसकी लागत 3,31,689 रुपए है।

26. कम्पनी सचिव हितकारी निधि

1976 में परिषद् द्वारा सोसाइटी के रूप में पंजीकृत की गई कम्पनी सचिव हितकारी निधि के अब 31 मार्च, 1990 को 1050 आजीवन सदस्य हैं। निधि के उपनियमों में किए गए संशोधन के अनुसार 1 सितम्बर, 1989 से इसकी साधारण सदस्यता समाप्त कर दी गई है और आजीवन सदस्यता शुल्क में संशोधन कर इसे 500 रुपए कर दिया गया है। निधि में पूंजीगत रिजर्व, सामान्य रिजर्व और अधिशेष की राशि 31 मार्च, 1990 को 6.28 लाख रुपए थी। पूर्व प्रचलित पद्धति के अनुसार परिषद् ने इंस्टीट्यूट के पिछले राष्ट्रीय सम्मेलन की अधिशेष राशि में से 10,000 रुपए निधि में डालने का निर्णय लिया है।

27. कर्मचारी कल्याण उपाय

आई सी एस आई एम्पलाइज क्लब को 1973 में कल्याण के एक उपाय के रूप में बनाया गया था, जिसे इसकी गतिविधियों के लिए परिषद् से वित्तीय सहायता दी गई। इस वर्ष के दौरान कर्मचारियों को स्कूटर खरीदने, मकान निर्माण आदि के लिए 1.5 लाख रुपए की पेशगियां मंजूर की गईं। सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की ग्रुप बचत-युक्त सीमा योजना के अन्तर्गत सभी कर्मचारियों को शामिल कर लिया गया है। पूर्व प्रचलित पद्धति के अनुसार परिषद् ने इंस्टीट्यूट के पिछले राष्ट्रीय सम्मेलन की अधिशेष राशि में से 10,000 रुपए आई सी एस आई एम्पलाइज हितकारी निधि में डालने का निर्णय लिया है।

28. आभार

परिषद् केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों, विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग के प्रति उनके द्वारा संरक्षण, व्यवसाय को मार्गदर्शन प्रदान करने और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में अपना समर्थन देने के लिए आभार प्रगट करती है। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में व्यवसाय के विकास में परिषद् के प्रयासों में पर्याप्त सहायता दी है। राज्य सरकारों, सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश के विभिन्न चैम्बर्स ऑफ कामर्स ने लगातार इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवाएं लेने में अपनी रूचि बढ़ाई है और उन्होंने निगम विधि, प्रबन्ध तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान की है। परिषद् सचिव और कार्यकारी निदेशक तथा उनके सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति अपनी गहन सराहना प्रस्तुत करती है, जिन्होंने इस रिपोर्टाधीन वर्ष में परिषद् के निर्णयों को कार्यान्वित करने के लिए बड़ी निष्ठा से और कर्तव्य की भावना से काम किया।

कृते इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज
ऑफ इंडिया की परिषद्

नई दिल्ली — डी.सी. जैन, अध्यक्ष
19 सितम्बर, 1990

परिशिष्ट—क

1990 की स्थायी और अस्थायी समितियां तथा सलाहकार ग्रुप
(1-9-1990 को)

I. स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

श्री डी.सी. जैन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री वी.पी. गुप्ता (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री विपिन एस. आचार्य	सदस्य

2. परीक्षा समिति

श्री एन.जे.एन. वजीफदार	अध्यक्ष
श्री पी.वी. पदमनाभन	सदस्य
श्री हरीश के. वैद	सदस्य

3. कार्यकारी समिति

श्री डी.सी. जैन	अध्यक्ष
श्री एन.जे.एन. वजीफदार	सदस्य
श्री श्यामल सैन	सदस्य
श्री वी.पी. गुप्ता	सदस्य
श्री पी.टी. रंगामणि	सदस्य

II. अस्थायी समितियां

4. समन्वय समिति (आई.सी.ए.आई. तथा आई.सी.डब्ल्यू.ए.आई. के साथ समन्वय के लिए)

श्री डी.सी. जैन	अध्यक्ष
श्री एन.जे.एन. वजीफदार	सदस्य
श्री बी.पी. धनुका	सदस्य
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री टी.वी. पदमनाभन	सदस्य
श्री हरीश के. वैद	सदस्य

5. उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् की भवन समिति

श्री वी.पी. गुप्ता	अध्यक्ष
श्री सुनील गोयल	सदस्य
श्री के.डी. बहेती	सदस्य
श्री ओ.पी. दानी	सदस्य
श्री एच. एस. ग्रोवर	सदस्य
श्री संजय ग्रोवर	सदस्य
श्री डी.सी. जैन	सदस्य
श्री एन. के. जैन	सदस्य
श्री परमजीत सिंह	सदस्य
श्री टी.पी. सुब्बारमन	सदस्य
श्री हरीश के. वैद	सदस्य

6. व्यावसायिक विकास समिति

श्री डी. सी. जैन	अध्यक्ष
श्री विपिन एस. आचार्य	सदस्य
श्री ओ. पी. दानी	सदस्य
श्री बी.पी. धनुका	सदस्य
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री ए. एन. नवारे	सदस्य
श्री वी.के. पोद्दार	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री पी. टी. रंगामणि	सदस्य
श्री श्यामल सैन	सदस्य

7. विनियमन समिति

श्री श्यामल सैन	अध्यक्ष
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री टी.वी. पदमनाभन	सदस्य
श्री एन. जे. एन. वजीफदार	सदस्य

8. प्रशिक्षण तथा शिक्षा सुविधा समिति

श्री एन. जे. एन. वजीफदार	अध्यक्ष
श्री विपिन एस. आचार्य	सदस्य
श्री ओ. पी. दानी	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री ए. एन. नवारे	सदस्य

III. सलाहकार बोर्ड/ग्रुप

9. कंपनी सचिवीय प्रैक्टिस मैनुअल के लिए सलाहकार ग्रुप

श्री सी. आर. शाह	अध्यक्ष
श्री विपिन एस. आचार्य	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री आर. रामचन्द्रन	सदस्य
श्री श्यामल सैन	सदस्य

10. संपादकीय सलाहकार बोर्ड

श्री टी. एन. पांडे	अध्यक्ष
श्री प्रदीप भल्ला	सदस्य
श्री सुबोध चन्द्र	सदस्य
श्री एच. आर. गुप्ता	सदस्य
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री यू.पी. माथुर	सदस्य
श्री बी. बी. टण्डन	सदस्य
श्री टी. पी. सुब्बारमन	सदस्य

संपादक और संयोजक

11. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

श्री जस्टिस पी. एन. भगवती (अवकाश प्राप्त)	अध्यक्ष

श्री आर. एन. बंसल	सदस्य
श्री प्रदीप भल्ला	सदस्य
श्री वी.पी. गोयल	सदस्य
श्री एस. एस. कुमार	सदस्य
श्री एम. आर. लूथरा	सदस्य
श्री टी. वी. नारायण स्वामी	सदस्य

12. संदर्श योजना ग्रुप

श्री सी. आर. शाह	अध्यक्ष
श्री बी. एस. डोराइस्वामी	सदस्य
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री पी. पी. मिस्त्री	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री श्यामल सैन	सदस्य
श्री टी. पी. सुब्बारमन	सदस्य

13. अनुसंधान सलाहकार ग्रुप

श्री आर. एन. बंसल	अध्यक्ष
श्री दलीप गोस्वामी	सदस्य
श्री मनमोहन सिंह	सदस्य
श्री टी. वी. नारायणस्वामी	सदस्य
प्रो. पृथपाल सिंह	सदस्य

परिशिष्ट 'ख'

क्षेत्रीय परिषदों की वर्ष 1989-90 की वार्षिक रिपोर्टों में दी गई गतिविधियों का सारांश

पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद्

इंस्टीट्यूट के चारों क्षेत्रों में पूर्वी क्षेत्र सबसे छोटा क्षेत्र है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्य शामिल हैं और इन राज्यों में से केवल पश्चिमी बंगाल ही एक प्रमुख औद्योगिक राज्य है।

समीक्षाधीन वर्ष में क्षेत्रीय परिषद् ने अनेक सेमिनार, अभिनन्दन बैठक, लेक्चर बैठकें, सम्मेलन और अध्ययन सर्किल बैठकें आयोजित कीं। "पूंजी बाजार" विषय पर आई. सी.ए.आई. की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् के सहयोग से 15 अप्रैल, 1989 को एक सेमिनार रखी। "संक्षिप्त तुलन-पत्र, निगम क्षेत्र के कर पहलू तथा विलयन और संलयन" विषयों पर लैक्चर बैठकें रखी गईं। "परिवर्तित निगम वातावरण में "कम्पनी सचिव" विषय पर पांचवां क्षेत्रीय विद्यार्थी सम्मेलन 2 और 3 सितम्बर 1989 को आयोजित किया गया, जिसमें 198 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष, श्री श्यामल सेन ने मुख्य भाषण दिया। भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक के सहयोग से 'नामित निदेशक' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। आई.सी.ए.आई. की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् और कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज एसोसिएशन लि. के सहयोग से "प्रतिभूति उद्योग के विनियमन और निवेशकर्ता के संरक्षण" विषय पर एक और सेमिनार रखी गई। आई.सी.ए.आई. और आई.सी.ए. डब्ल्यू.आई. एसोसिएशन ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज, तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल आडिटर्स–इण्डिया (कलकत्ता शाखा) के कार्यपालकों और सलाहकारों के सहयोग से 1990-91 के केन्द्रीय बजट पर चर्चा करने के लिए भी एक बैठक आयोजित की। हर महीने अध्ययन सर्किल की बैठक नियमित समय पर होती रहीं।

विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं के लिए मार्ग निर्देशन तथा नियमित मौखिक शिक्षा सुविधा में सहायता देने के लिए पांच विशेष बैठकें आयोजित की गईं। इस वर्ष विभिन्न कालेजों में तीन कैरियर परामर्श बैठकें और तीन सचिवीय माडयूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंटरमीडिएट परीक्षा के दोनों ग्रुपों के लिए मौखिक शिक्षण कक्षाएं लगाई जाती रहीं और पुस्तकालय को भी अद्यतन करने का काम जारी रहा। रोजगार सेवा को भी दोहरी नीति अपनाते हुए सक्रिय रखा, एक तरफ तो उन कम्पनियों से सम्पर्क किया, जिन्हें कम्पनी सचिवों की आवश्यकता है और दूसरी तरफ उन सदस्यों से सम्पर्क रखा, जिन्हें रोजगार चाहिए। क्षेत्रीय परिषद् ने समुचित शुल्क लेकर दायित्व सेवाएं प्रदान करने का निर्णय भी लिया, जिनमें बुलेटिन के माध्यम से रिक्तियों का विज्ञापन करना, इन्टरव्यू लेना और सम्बन्धित कंपनियों को उपयुक्त उम्मीदवारों की सिफारिश करना शामिल है। क्षेत्रीय परिषद् ने समुचित में नौकरियां ढूंढने के लिए सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वालों की सहायता करने के उद्देश्य से कैम्पस में इंटरव्यू लेना भी शुरू किया। मासिक समाचार बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित होता रहा। इसके फार्म और इसकी विषय सामग्री में जनवरी 1990 से सुधार किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशित सचिवों से सम्बन्धित नौकरियों के लेखों और विज्ञापनों को दिया गया ताकि ये उपयोगी संदर्भ के रूप में मार्ग निर्देशन का काम कर सकें। इस क्षेत्र की सभी पांच शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट की ओर एक बार फिर 1988-89 का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा पुरस्कार रांची शाखा को प्राप्त हुआ।

उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद्

इस क्षेत्रीय परिषद् में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्य तथा संघ शासित क्षेत्र दिल्ली और चंडीगढ़ शामिल हैं। इस परिषद् ने दस वार्ताएं, दो पुरस्कार वितरण समारोह, महानगरों में दो स्थानों पर उन्नीस अध्ययन सर्किल बैठकें, सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिता, स्थापना दिवस और इसके साथ ही सदस्यों और उनके परिवारों के लिए अंशदायी भोजन और पिकनिक का आयोजन किया। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा सी बी डी टी के अध्यक्ष श्री टी.एन. पाण्डे का अभिनन्दन करने के लिए

दो अभिनन्दन कार्यक्रम भी आयोजित किए। भूतपूर्व अध्यक्षों के मिलन और शाखा अध्यक्ष की बैठक का भी आयोजन किया। प्रैक्टिस सम्बन्धी अन्य क्षेत्रों का पता लगाने और दूसरे पहलुओं पर विचार करने के लिए प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिवों की बैठकें रखी गईं।

सदस्यों और विद्यार्थियों दोनों के लाभ के लिए रोजगार सेवा योजना जारी रखी गई। अन्ततः इस वर्ष उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् के भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ और यह निर्माण कार्य चल रहा है। उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने एन.आई.आर.सी.—आई.सी.एस.आई. मासिक समाचार बुलेटिन का नियमित रूप से प्रकाशित करते हुए इसमें कुछ नए उपयोगी कालम जोड़े। क्षेत्रीय परिषद् द्वारा प्रायोजित कम्पनी सेक्रेटरीज कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को दिल्ली विकास प्राधिकरण से भूमि अलाट होने की प्रतीक्षा है।

क्षेत्रीय परिषद् ने इस वर्ष सात कैरियर परामर्शी कार्यक्रम और चार सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 'कम्पनी लॉ' और 'टैक्स लॉ' पर दो 'क्विज कार्यक्रम' और 'वार्षिक साधारण सभा—व्यावहारिक पक्ष' पर एक सेमिनार भी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की। पुस्तकालय तथा मौखिक शिक्षण कक्षाएं दोनों में ही विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण और सुविधाएं प्रदान की जाती रहीं। अध्यक्ष तथा केन्द्रीय परिषद के सदस्यों और विद्यार्थियों, मौखिक शिक्षण कक्षाओं के विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के बीच बैठकें रखी गईं। दक्षिण दिल्ली में एक नया मौखिक शिक्षण केन्द्र खोला गया। स्थानीय सदस्यों की सहायता से अम्बाला में एक कम्पनी सचिव मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित किया। उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने प्रैक्टिकल प्रशिक्षण/प्रबन्ध प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 8 कम्पनियों को सूचीबद्ध करने की सिफारिश की है।

इंस्टीट्यूट की पुस्तकालय योजना के अनुसार, गाजियाबाद, लखनऊ और शिमला शाखाओं में पुस्तकालयों की स्थापना की। स्थानीय विद्यार्थियों के लिए गुडगांव में एक अनुषंगी पुस्तकालय खोला गया, हालांकि वहां कोई शाखा स्थापित नहीं की जा सकी। परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को उत्तरी भारत क्षेत्रीय पुस्तकालय में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रीडिंग रूम में पढ़ने की सुविधा दी जाती रही।

वर्ष के दौरान सभी दस शाखाएं अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट देती रहीं। जयपुर शाखा को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय शाखा और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा घोषित किया गया, जिससे इस शाखा और उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद्

इस क्षेत्रीय परिषद् में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के राज्य तथा संघशासित क्षेत्र अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूह, पाण्डिचेरी और लक्षद्वीप शामिल हैं। इस क्षेत्रीय परिषद् तथा इसकी घटक शाखाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। क्षेत्रीय परिषद ने प्रमुख रूप से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और वित्त जैसे अपारम्परिक क्षेत्रों में सदस्यों की निपुणताओं का विकास करने का उद्देश्य अपने सामने रखा। इस वर्ष क्षेत्रीय परिषद् ने 22 व्यावसायिक कार्यक्रम रखे। 15 और 16 सितम्बर, 1989 को हैदराबाद में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश की राज्यपाल कुमुद बेन जोशी ने किया। भद्रचलम पेपर बोर्डस लि. के प्रबन्ध निदेशक श्री आर. के. कुट्टी ने मुख्य भाषण दिया। वेल्लोर, कोयम्बेटूर, कोचीन और अलवाय—कई स्थानों पर जो कई कैरियर परामर्शी बैठकें आयोजित की गईं, उनमें पर्याप्त उपस्थिति रही। इस वर्ष क्षेत्रीय परिषद् ने 3660 विद्यार्थियों को रजिस्टर किया।

क्षेत्रीय परिषद् ने मौखिक शिक्षण कक्षाओं के पांच बैच लगाए, जिनमें इण्टरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रमों के लगभग 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा तीन सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसने पं. जवाहरलाल नेहरू की जन्म शताब्दी मनाने के लिए एक बैठक भी आयोजित की, जिसमें "नेहरू का औद्योगिक विकास में योगदान" विषय पर इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री श्यामल सेन ने विशेष भाषण दिया। विभिन्न लेक्चर बैठकों का आयोजन किया, जिनमें प्रतिभूतियों का अन्तरण, संक्षिप्त तुलन पत्र, रिजर्व बैंक के निदेशों में संशोधन, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और केन्द्रीय बजट, प्रबन्ध कारी नियुक्तियां, आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया। पुस्तकालय में और अधिक पुस्तकें लाई गईं और मासिक समाचार बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित किया गया। रोजगार सेवा योजना के अधीन संभावित नियोजकों से 74 अनुरोधों, का उत्तर प्राप्त हुआ। इस क्षेत्र की सभी ग्यारह शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट दी और बंगलौर शाखा को 1988-89 वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा का पुरस्कार पुनः प्राप्त हुआ।

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद्

इस क्षेत्रीय परिषद् में गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के राज्य तथा संघ शासित क्षेत्र दादरा, नगर हवेली व दियू और दमन शामिल हैं। इस क्षेत्रीय परिषद् तथा इसकी

घटक शाखाओं ने इस वर्ष अनेक सामूहिक चर्चाएं, लेक्चर बैठकें, अध्ययन सर्किल बैठकें, कार्यशालाएं और ओरिएण्टेशन कार्यक्रम आयोजित किए । बड़ौदा में "21वीं शताब्दी की निगम चुनौतियों का सामना–व्यावसायिक एक्जीक्यूटिवों और प्रेक्टिशनरों के सामने मुद्दे" विषय पर 16 व 17 दिसम्बर, 1989 को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन रखा गया । 14 जनवरी, 1990 को इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का अभिनन्दन करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया । बम्बई में दोनों मौखिक शिक्षण केन्द्रों–अर्थात् चर्चगेट का आई सी एस आई—सिडनहम कालेज प्रशिक्षण केन्द्र और विले पार्ले का आई सी एस आई—एन एम कालेज प्रशिक्षण केन्द्र–में अच्छी प्रगति रही । इंस्टीट्यूट की परिक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए इस क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए । क्षेत्रीय परिषद् ने इस्टीट्यूट की जून 1990 की परीक्षाओं से अपने पुरस्कारों में भी संशोधन कर दिया है । क्षेत्रीय परिषद् के स्थल पर इस वर्ष पांच सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गए। इस वर्ष क्षेत्रीय परिषद् के समाचार बुलेटिन "फोकस" का नियमित रूप से प्रकाशन होता रहा, जिसमें लाभकारी और शिक्षाप्रद लेख, क्षेत्रीय समाचार शाखा समाचार, सम्मेलनों के सारांश, कार्यशालाएं आदि का विवरण दिया जाता रहा । विद्यार्थियों और सदस्यों के लाभ के लिए क्षेत्रीय परिषद के पास एक अच्छा पुस्तकालय है और लगभग 200 सदस्य तथा विद्यार्थियों को इस पुस्तकालय का सदस्य बनाया गया । सदस्यों द्वारा, विशेष रूप से नए सदस्यों और विद्यार्थियों की ओर से, रोजगार की मांग अत्यधिक बढ़ गई । इस वर्ष क्षेत्रीय परिषद् ने इस बारे में विभिन्न-नियोजकों को उत्तर दिए ।

सभी आठ शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट दी और अहमदाबाद शाखा ने फिर से पश्चिमी क्षेत्र से इंस्टीट्यूट का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा का पुरस्कार जीता । पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने पुणे शाखा को विकास कर रही सर्वश्रेष्ठ शाखा अधिनिर्णीत किया ।

क्षेत्रीय परिषदों की वित्तीय स्थिति और विद्यार्थियों तथा सदस्यों की संख्या

31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष की चार क्षेत्रीय परिषदों की रिपोर्टों के अनुसार तुलनात्मक वित्तीय स्थिति तथा विद्यार्थियों और सदस्यों की संख्या इस प्रकार है।

	क्षेत्रीय परिषदें			
	पूर्वी भारत क्षे.प.	उत्तरी भारत क्षे.प.	दक्षिणी भारत क्षे.प.	पश्चिमी भारत क्षे.प.
(क) वित्तीय स्थिति (रुपयों में) वर्ष 31-3-90 के अंत में अधिशेष	37,917	793	68,903	13,111
31-3-90 को रिजर्व और अधिशेष	4,97,976	7,37,247	7,23,500	2,72,405
(ख) विद्यार्थियों और सदस्यों की संख्या 31-3-1989 को विद्यार्थी .	9,191	15,086	14,038	13,079
31-3-1990 को विद्यार्थी	9,746	14,860	14,270	12,954
31-3-1989 को सदस्य	1,015	1,564	1,680	2,404
31-3-1990 को सदस्य	1,076	1,727	1,818	2,636

परिशिष्ट 'ग'

(भाग-1)

सदस्यों में वृद्धि

	वर्ष	कुल संख्या			पिछले वर्ष की तुलना में वार्षिक वृद्धि	
		एसोसिएट सदस्य	फैलो सदस्य	कुल (2+3)	सकल	प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6
क	1984-85	4204(81.19)	988(18.81)	5252(100)	306	6.19
	1985-86	4405(78.59)	1200(21.41)	5605(100)	353	6.72
	1986-87	4648(78.25)	1292(21.75)	5940(100)	335	.98
	1987-88	4947(78.09)	1388(21.91)	6335(100)	395	.65
	1988-89	5179(77.66)	1490(22.34)	6669(100)	334	.27
	1989-90	5657(77.95)	1600(22.05)	7257(100)	588	.81
ख.	1984-85 से 1989-90 तक सकल परिवर्तन	1393(69.48)	612(30.52)	2005(100)	--	--
ग.	1984-85 से 1989-90 तक प्रतिशत परिवर्तन	32.66	61.94	38.17	--	--
घ.	औसत वार्षिक वृद्धि दर प्रतिशत	6.53	12.38	7.63	--	--
ङ.	संयोजित वार्षिक दर प्रतिशत	5.82	10.2	6.68	--	--

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशत में हैं

भुगतान न करने के कारण	रजिस्टर में निकाले गए		कुल सदस्यों में से निकाले गए सदस्यों का प्रतिशत	प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र धारकों की संख्या	कुल सदस्यों में से प्रैक्टिस प्रमाण पत्र धारकों का %
	मृत्यु के कारण	कुल (7+8)			
7	8	9	10	11	12
83(88.29)	11(11.71)	94(100)	1.79	672	12.80
98(92.45)	8(7.55)	106(100)	1.89	749	13.36
68(82.92)	14(17.08)	82(100)	1.38	879	14.80
76(86.36)	12(13.64)	88(100)	1.39	1065	16.81
196(92.02)	17(7.98)	213(100)	3.19	1192	17.87
100(91.74)	9(8.26)	109(100)	1.50	1225	16.88
--	--	15(100)			
--	--	15.96			
--	--	3.19			
--	--	3.00			

भाग-II

प्रैक्टिस प्रमाण पत्रधारी सदस्यों में वृद्धि

	वर्ष	वर्ष के दौरान जारी	वर्ष के दौरान नवीकरण	वर्ष के दौरान रद्द	वर्ष के दौरान निवल वृद्धि	31 मार्च को कुल प्रैक्टिस प्रमाण पत्रधारी सदस्यों की संख्या
क.	1984-85	160	512	44	116	672
	1985-86	145	604	68	77	749
	1986-87	185	694	55	130	879
	1987-88	247	818	61	186	1065
	1988-89	258	934	131	127	1192
	1989-90	122	1103	89	33	1225
ख.	सकल परिवर्तन 1984-85 से 1989-90					553
ग.	प्रतिशत परिवर्तन 1984-85 से 1989-90 तक					82.29
घ.	औसत वार्षिक वृद्धि दर (प्रतिशत)					16 46
ङ.	संयोजित वार्षिक दर (प्रतिशत)					12.75

परिशिष्ट "घ"

वर्ष 1989-90 में आयोजित व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की सूची

1. 3-4 जुलाई, 1989 — नई दिल्ली में "निवेशकर्ता संरक्षण और अद्यतन कम्पनी लॉ" विषय पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम।

2. 5-6 अगस्त, 1989 — नई दिल्ली में "निगम वित्त और विधि" विषय पर आई सी एस आई—आई सी ए आई का संयुक्त व्यावसायिक विकास कार्यक्रम।

3. 19-20 अक्तूबर, 1989 — बंगलौर में "सरकारी कम्पनियों में विधिक तथा सचिवीय प्रबन्ध" विषय पर आई सी एस आई—बी पी ई का संयुक्त व्यावसायिक विकास कार्यक्रम।

4. 14-15 दिसम्बर, 1989 — नई दिल्ली में "सरकारी कम्पनियों से सम्बन्धित आर्थिक, वित्तीय और विधिक पहलुओं में उभरती प्रवृत्तियां" विषय पर आई सी एस आई—बी पी ई का संयुक्त व्यावसायिक विकास कार्यक्रम।

5. 8-10 फरवरी, 1990 — बम्बई में "90 के दशक में व्यवसाय—उभरते आयाम" विषय पर 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन।

6. 1-3 मार्च, 1990 — लखनऊ में "सरकारी निदेशकों की भूमिका" विषय पर आई सी एस आई—उत्तर प्रदेश के राज्य उद्यमों के ब्यूरो का संयुक्त व्यावसायिक विकास कार्यक्रम।

परिशिष्ट "क"

भाग 1

प्रैक्टिस में कार्यरत कम्पनी सचिव के लिए मान्यताएं

(जुलाई 1990 तक)

क्र.सं.	संविधि प्राधिकार	प्रयोजन	मान्यता कब मिली
1	2	3	4
1. संविधि , नियम और विनियम			
